ISSN 0972-5539

मीना समाचार
MEENA News
भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण का प्रकाशन
A PUBLICATION OF FISHERY SURVEY OF INDIA

खंड 30 संख्या 2 मुंबई अप्रैल-जून 2013

## I. अनुसंधान क्षेत्र से

### बंगाल की खाडी के उत्तर पूर्वी तट से सन फिश (मोला मोला) का रिकार्ड



भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण के चेन्नई बेस से जुडे एम एफ वी मत्स्य दृष्टि [मोनोफिलमेंट टूना लॉग लाइनर] द्वारा भारत के उत्तरी पूर्वी तट से मोलिडे परिवार की सन फिश पकडी गई । इस प्रजाति को मोला मोला [लिन्नेयस, 1758] के रूप में पहचान की गई ।

सन फिश सतह के निकट अपतटीय जल क्षेत्र में पाई जाती है एवं सीधा तैरती है । मोलास एक भारी बोणी मछली के रूप में पंजीकृत है। प्रजातियों की मादाएं किसी भी अन्य कशेरुकी मछली से अधिक एक समय में बहुत अधिक 300 मिलियन अंडे उत्पादन कर सकते है । वे दुनिया भर में उष्णकटिबंधीय और शीतोष्ण जल में पाई गई । वे खुला समुद्र पसंद करते है और कभी कभी उथले जल में जोखिम उठाते है । अनुसंधानकर्ता की राय में अन्य मछलियों से परजीवी को साफ करने हेतु मोलास उथले जल में प्रवेश करती है । मोलास लॉग लाइन गियर में एक आकस्मिक पकड के रूप में बिरले ही पकडी जाती है।

मई 2013 समुद्री यात्रा के दौरान अक्षांश 17°23.0' उ एवं देशांतर 86°08.01' पू में 2567 मी गहराई क्षेत्र से नमूने पकडे गए। सन फिश टोकरी के दूसरे हूक में हूक की गई जो सतह के नीचे 70-75 मी गहराई में स्थित है । प्रजातियों की कुल लंबाई 78.7 से मी थी और वजन 30 कि.ग्रा था । नमूना का पेट आधा भरा हुआ था और इसमें जेल्लि फिश एवं पच टेलियोस्ट मछलियाँ शामिल थी । लिंग नर के रूप में पहचान की थी। नमूने के विस्तृत आकृतिमान माप एवं मेरिस्टिक गणना नीचे दिए है ।

| आकृतिमान माप | | | |
|---|---|---|---|
| कुल लंबाई | 78.7 से.मी. | स्नाउट से एनल फिन के मूल तक | 30.2 से. मी |
| मानक लंबाई | 53.4 से.मी | स्नाउट से पेक्टरल फिन के मूल तक | 18.3 से.मी. |
| शरीर की गहराई | 43.2 से.मी. | डोर्सल फिन की ऊँचाई | 31.0 से. मी |
| नेत्र व्यास | 3.0 से. मी. | एनल फिन की ऊँचाई | 37.2 से.मी. |
| स्नाउट से डोर्सल फिन के मूल तक | 34.2 से.मी. | कुल वजन | 30 कि.ग्रा. |
| मेरिस्टिक गणनाः डी 16, एः15, पी 11 | | | |

**(डॉ. एम. के. सिन्हा, क. मात्स्यिकी वैज्ञानिक, भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, चेन्नई द्वारा सूचित)**

## II. बहिर्गमन एवं प्रशिक्षण

### ए] सस्टेयिनबिलिटी की ओर बढना- मछुआरों के लिए एक परस्पर संवादात्मक प्रशिक्षण कार्यशाला -भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, मुम्बई [मुख्यालय]

भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, मुम्बई [मुख्यालय] ने *सस्टेयिनबिलिटी की ओर बढना - मछुआरों के लिए एक परस्पर संवादात्मक प्रशिक्षण कार्यशाला* मुम्बई क्षेत्र मे स्थानिक मछुआरों के हित के लिए 20-21 अप्रैल 2013 के दौरान आयोजित की गई । विभिन्न इलाकों एवं मुम्बई के समीपस्थ क्षेत्र से राज्य मात्स्यिकी के अधिकारियों, मछुआरे सहकारी संघ सहित लगभग 25 मछुआरों ने कार्यशाला में भाग लिया । श्री दिलीप एस. गार्डे, ट्रेफिक प्रबंधक, मुम्बई पोर्ट ट्रस्ट ने कार्यशाला का उद्घाटन

किया और भा. मा. स. गतिविधियों की सराहना की एवं मात्स्यिकी संसाधनों के सस्टेयिनबिलिटी पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने में रूचि दिखाई । डॉ. के विजयकुमारन, महानिदेशक, भा. मा. स., मुम्बई ने समारोह की अध्यक्षता की । अपने अध्यक्षीय भाषण में उन्होंने कार्यशाला के महत्व और लक्ष्य के संबंध में जानकारी दी ।

कार्यशाला के दौरान, श्री बी बी चवान, तकनीकी अधिकारी, केन्द्रीय



समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान [सी एम एफ आर आई], क्षेत्रीय केंद्र, मुम्बई द्वारा महाराष्ट्र राज्य की समुद्री मात्स्यिकी-वर्तमान स्थिति, संरक्षण एवं प्रबंधन पर प्रस्तुतीकरण सहित तकनीकी सत्र भी संचालित किया गया । अपने प्रस्तुतीकरण में उन्होने सभी मछुआरों से किशोर मछली पकड़ से बचने के लिए बडे आकार के जाल का उपयोग करने की अपील की । डॉ. नरीमन, सेंट जॉन. एम्बुलन्स असोसिएशन ने समुद्र में प्रथम उपचार पर भाषण दिया । उन्होंने व्यावहरिक निदर्शन के साथ समुद्र में कुछ करने या न करने तथा प्रारंभिक उपायों के संबंध में प्रतिभागियों को बताया । भा. मा. स. के वैज्ञानिकों ने फिशिंग गियर प्रौद्योगिकी, पर्यावरण हितैषी मत्स्यन प्रणलियों, उत्तरदायी मात्स्यिकी हेतु आचार संहिता एवं संसाधन शोषण के सस्टेमनिबिलिटी पर प्रस्तुतीकरण किया । मछुआरों ने सक्रिय रूप से भाग लिया एवं विविध मामलों पर वैज्ञानिकों के साथ बातचीत की एवं तकनीकी सत्र में उनकी शंकाओं को दूर किया । समापन समारोह में श्री पी. अनिल कुमार, उप निदेशक, समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण मुख्य अतिथि रहे । समारोह के दौरान मछुआरों के हित के लिए एम्पीडा द्वारा प्रदान की गई सहायता पर सूचना प्रदान की गई।

### बी] "तमिलनाडु मत्स्य उत्सव 2013" में भागीदारी

भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण का चेन्नई बेस ने मात्स्यिकी विभाग, तमिलनाडु सरकार द्वारा 9 मई से 12 मई 2013 तक आयोजित *तमिलनाडु मत्स्य उत्सव* 2013 में भाग लिया । चेन्नई बेस ने चार्ट, विविध मत्स्यन गियरों के मॉडल, सर्वेक्षण जलयानों, एवं येल्लोफिन टूना, स्किपजेक टूना, ब्लू मार्लिन, सेईल फिश, स्वोर्ड फिश, ओक्टोपस, पोमफ्रेट, केकड़ा, स्क्विड जैसी मछलियों के नमूने प्रदर्शित किए । भा. मा. स का चेन्नई बेस को तमिलनाडु मत्स्य उत्सव 2013 में 110 स्टॉलों के बीच सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय स्टॉल पुरस्कार से सम्मानित किया गया और श्रीमती पी. वलरमति, माननीय सामाजिक कल्याण मंत्री, तमिलनाडु सरकार से



योग्यता प्रमाणपत्र के साथ स्मृति चिह्न प्राप्त हुआ। प्रदर्शनी के दौरान भा. मा. स. की गतिविधियों के बारे में बताया गया था और तटीय जल में मछली पकडने के दबाव को कम करने में महासागरीय संसाधनो के शोषण की आवश्यकता के बारे में मीडिया को समझाया गया था और यह स्थानीय समाचार चैनलों में प्रसारित किया गया था । मछुआरों और छात्रों सहित एक लाख से अधिक आगन्तुक भा. मा. स., के स्टॉल से लाभान्वित हुए ।

### III. संसाधन सर्वेक्षण कार्यक्रम

प्रचालन एवं वैज्ञानिक गतिविधियों की वार्षिक समीक्षा बैठक भा. मा. स., मुम्बई [मुख्यालय] में 18-19 फरवरी 2013 के दौरान संपन्न हुई एवं भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, मुम्बई की परामर्शदात्री समिति की 11 मार्च 2013 को संपन्न चौदहवीं बैठक में वर्ष 2013-14 के संस्थान के संसाधन सर्वेक्षण कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया ।

| बेस/जलयान | संसाधन सर्वेक्षण कार्यक्रम 2013-14 |
|---|---|
| मुम्बई / मत्स्य निरीक्षणी | उत्तर महाराष्ट्र एवं गुजरात तट के समीप अक्षांश 18° एवं 23° उ के बीच तलमज्जी मात्स्यिकी संसाधन सर्वेक्षण, निर्धारण एवं फिश स्टॉक की मॉनिटरिंग |
| मार्मुगोवा / सागरिका | दक्षिण महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक एवं उत्तर केरल के समीप अक्षांश 11°-18° उ के बीच तलमज्जी मात्स्यिकी संसाधन सर्वेक्षण, निर्धारण एवं मॉनिटरिंग |
| कोच्चि | दक्षिण पश्चिम तट, वेड्ज बैंक और मन्नार की खाडी के समीप तलमज्जी संसाधन सर्वेक्षण, निर्धारण एवं फिश स्टॉक की मॉनिटरिंग । |
| मत्स्य वर्षिनी | दक्षिण पश्चिम तट के समीप मध्य जल ट्रॉलिंग द्वारा माइक्टोफिड एवं अन्य पेलाजिक मात्स्यिकी संसाधनों के सर्वेक्षण |
| कोच्चि / लवणिका | दक्षिण पश्चिम तट के समीप तलमज्जी मात्स्यिकी संसाधन सर्वेक्षण, फिश स्टॉक के निर्धारण एवं मॉनिटरिंग |

| | |
|---|---|
| चेन्नई / समुद्रिका | दक्षिण पूर्वी तट के समीप अक्षांश 10° एवं 16° उ के बीच तलमज्जी संसाधन सर्वेक्षण, एवं फिश स्टॉक के निर्धारण एवं मॉनिटरिंग |
| विशाखपट्टणम / मत्स्य शिकारी | अक्षांश 16° एवं 21° उ के बीच ऊपरी पूर्वी तट के समीप तलमज्जी मात्स्यिकी संसाधन सर्वेक्षण, निर्धारण एवं मॉनिटरिंग |
| विशाखपट्टणम / मत्स्य दर्शिनी | 1.अक्षांश 15° एवं 21° उ के बीच ऊपरी पूर्वी तट के समीप तलमज्जी मात्स्यिकी संसाधन सर्वेक्षण, निर्धारण एवं मॉनिटरिंग |
| | 2. अक्षांश 15° एवं 21° उ के बीच ऊपरी पूर्वी तट के समीप 30-200 मी गहराई में मिड वाटर ट्रॉलिंग द्वारा तटीय पेलाजिक संसाधनों के सर्वेक्षण |
| मार्मुगॉव / येल्लो फिन | भारतीय अनन्य आर्थिक क्षेत्र में लक्ष द्वीप सहित दक्षिण पश्चिम तट के समीप अक्षांश 08°-18° उ के बीच नियमित लॉग लाइन का उपयोग करते हुए महासागरीय टूना एवं संबंधित संसाधनों के सर्वेक्षण |
| पोर्टब्लेयर / ब्लू मार्लिन | अंडमान एवं निकोबार समुद्र में नियमित टूना लॉग लाइनिंग का उपयोग करते हुए महासागरीय टूना एवं संबंधित संसाधनों के सर्वेक्षण |
| | अंडमान एवं निकोबार समुद्र में लाइट स्टिक के साथ ड्रिफ्ट लॉग लाइन का उपयोग करते हुए स्वोर्ड फिश के सर्वेक्षण |
| | अंडमान एवं निकोबार समुद्र में परिष्कृत गहरे लॉग लाइन गियर का उपयोग करते हुए बिग आई टूना संसाधनों के सर्वेक्षण |
| | बोट्टम सेट वर्टिकल लॉग लाइन का उपयोग करते हुए पेर्च संसाधनों के सर्वेक्षण |
| | अंडमान एवं निकोबार समुद्र में टूना के प्रवास पैटर्न पर उपग्रह टेलिमेट्रिक अध्ययन |
| चेन्नई / मत्स्य दृष्टि | 1. बंगाल की खाड़ी में अक्षांश 10° एवं 20° उ के बीच मोनोफिलमेंट लॉग लाइन का उपयोग करते हुए टूना संसाधन सर्वेक्षण |
| | 2. अंतर्राष्ट्रीय जल में अक्षांश 10° एवं 15° उ के बीच मोनोफिलमेट लॉग लाइन का उपयोग करते हुए टूना संसाधन सर्वेक्षण (देशांतर-83° - 85° पू में सीमित किया गया) । |
| मुम्बई / मत्स्य वृष्टि | महाराष्ट्र एवं गुजरात तट के समीप अक्षांश 04° - 23° उ के बीच मोनोफिलमेंट लॉग लाइनिंग का उपयोग करते हुए टूना संसाधन सर्वेक्षण |

## IV. राजभाषा कार्यान्वयन

### टोलिक बैठक में भागीदारी

डॉ. के विजयकुमारन, महानिदेशक एवं श्रीमती मीरा वेल्लेन राजीव, क. हिन्दी अनुवादक ने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 29 मई को 2013 को पश्चिम रेल्वे (मुख्यालय), चर्चगेट, मुम्बई में संपन्न बैठक में भाग लिया ।

### हिन्दी कार्यशाला

कर्मचारी सदस्यों को हिन्दी में काम करने हेतु प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन देने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला 14 जून 2013 को भा. मा. स. (मुख्यालय) मुम्बई में आयोजित की गई । डॉ. सुनीता यादव, सहायक निदेशक, हिन्दी शिक्षण योजना, नवी मुम्बई ने शब्दावली एवं अनुवाद पर व्याख्यान दिए । बीस कर्मचारियों ने कार्यशाला में सक्रिय रूप से भाग लिया ।

### विशाखपट्टणम बेस

भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण का विशाखपट्टणम बेस को वर्ष 2012-13 के दौरान राजभाषा हिन्दी को प्रोत्साहन देने हेतु केन्द्रीय सरकारी कार्यालयों में से पाँचवां स्थान प्राप्त हुआ है । नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, विशाखपट्टणम द्वारा श्री अनिल कुमार, मंडल रेल प्रबंधक, वाल्टेयर की अध्यक्षता में 30 मई 2013 को 59 वीं नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक, संचालित की गई । डॉ एस. के. नाईक, क्षेत्रीय निदेशक एवं श्री एन. जगन्नाथ, क. मात्स्यिकी वैज्ञानिक ने बैठक में भाग लिया। बैठक के दौरान एक स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए एवं डॉ. एस. के. नाईक, क्षेत्रीय निदेशक के योगदान को अत्यंत सराहा गया ।



### पोर्ट ब्लेयर बेस

राजभाषा कार्यान्वयन के रूप में, एक हिन्दी कार्यशाला 12 जून 2013 को पोर्ट ब्लेयर बेस कार्यालय द्वारा आयोजित की गई । श्रीमती निर्मला, हिन्दी अनुवादक, लाइट हाउस एवं लाइट शिप निदेशालय, पोर्ट ब्लेयर मुख्य अतिथि रही ।

## V. प्रशिक्षण/सेमिनार/कार्यशाला/परिसंवाद/बैठकों /सम्मेलनों में भागीदारी

### अंतर्राष्ट्रीय

- श्री डी के गुलाटी, क्षेत्रीय निदेशक एवं डॉ. एम के सजीवन, क. मात्स्यिकी वैज्ञानिक ने 20 मई 2013 से 23 मई 2013 तक बॅंकोक, थाइलैंड में बॉबलम-आई ओ टी सी मात्स्यिकी स्टॉक निर्धारण प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लिया ।

### राष्ट्रीय

- डॉ. एस के नाईक, क्षेत्रीय निदेशक ने निफट, विशाखपट्टणम में 2 मई 2013 को *मूल्य वर्धित उत्पाद विकास एवं और कोल्ड चेन विपणन* पर आई सी जेड एम पी, गंजम द्वारा मछुआरों के लिए प्रायोजित तकनीकी कौशल उन्नयन प्रशिक्षण का उद्घाटन किया।
- डॉ. एल रामलिंगम, क्षेत्रीय निदेशक, डॉ. एस. के. द्विवेदी, मात्स्यिकी वैज्ञानिक एवं श्री स्वप्निल शिरके, व. वैज्ञानिक सहायक ने भारतीय एन्थ्रोपोलजिकल सर्वेक्षण, पोर्ट ब्लेयर में 6 मई 2013 को "शिकारी और बटोरता के बीच आजीविका रणनीतियॉं एवं प्रौद्योगिकी" पर राष्ट्रीय सेमिनार एवं हीरक जयंती का उद्घाटन समारोह में भाग लिया ।
- श्री के एस एन रेड्डी, मत्स्यन गियर प्रौद्योगिकीविद् ने बंगाल की खाडी पर अध्ययन हेतु केन्द्र के सम्मेलन कक्ष, आन्ध्र विश्वविद्यालय, विशाखपट्टणम में महासागरीय अनुसंधान (एस सी ओ आर) पर वैज्ञानिक समिति द्वारा 17 मई 2013 को आयोजित पारस्पारिक क्रिया बैठक में भाग लिया ।
- डॉ. एल रामलिंगम, क्षेत्रीय निदेशक ने 17 मई 2013 को क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान केन्द्र, आई सी एम आर, डोलिगंज, पोर्ट ब्लेयर में बयो-सुरक्षा स्तर-3 के उद्घाटन समारोह में भाग लिया।
- श्री धर्मवीर सिंह, यांत्रिक समुद्री अभियंता (एम एम ई) ने 4 जून 2013 को 2 मत्स्यन नावों के निरीक्षण हेतु केन्द्रीय कृषि अनुसंधान संस्थान (केरी) द्वारा गठित समिति के एक सदस्य के रूप में कार्य किया ।
- श्री एच डी प्रदीप, मात्स्यिकी वैज्ञानिक एवं श्री एस. कान्थन, यांत्रिकी पर्यवेक्षक (व.) ने 6 एवं 16 जून 2013 को 3 मत्स्यन नावों के निरीक्षण हेतु मात्स्यिकी निदेशालय, अंडमान एवं निकोबार प्रशासन द्वारा गठित समिति के एक सदस्य के रूप में कार्य किया ।
- डॉ. एस. के. नाईक, क्षेत्रीय निदेशक ने भारतीय तटरक्षक द्वारा 19 जून 2013 को विशाखपट्टणम में समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया पर सेमिनार में भाग लिया । इस अवसर पर मात्स्यिकी पर समुद्री तेल प्रदूषण के प्रभाव पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया ।

## VI. प्रशासनिक समाचार

### नियुक्तियॉं

- श्री लक्ष्मण सिंह, क. हिन्दी अनुवादक ने भा. मा. स. के विशाखापट्टणम बेस में 08 अप्रैल 2013 को डयूटी हेतु रिपोर्ट किया ।
- सुश्री दीक्षा चंद्रकांत गायकवाड, ने टेलेक्स/टेलिफोन ऑपरेटर के पद में भा. मा. स (मुख्यालय) में 26 अप्रैल 2013 को डयूटी हेतु रिपोर्ट की ।
- श्री सुजिल सुदाम एम व. नाविक ने भा. मा. स. के कोच्चिन बेस में 08 मई 2013 को डयूटी हेतु रिपोर्ट किया ।
- श्री टी के साजु, स्टाफ कार ड्राइवर ने भा .मा. स. के कोच्चिन बेस में 10 जून 2013 को ड्यूटी हेतु रिपोर्ट किया ।
- सुश्री साधना के कावले, एम टी एस (सफाईवाला) ने भा. मा. स. के मुम्बई बेस में 13 जून 2013 को डयूटी हेतु रिपोर्ट की ।

### पदोन्नतियॉं

- श्री ए. उदयकुमार, आशुलिपिक ग्रेड-। को [प्रतिनियुक्ति पर] कार्यालय अधीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया एवं विशाखपट्टणम बेस में 15 जून 2013 को तैनात किया गया ।

### स्थानांतरण

- श्री धर्मवीर सिंह, यांत्रिक समुद्री अभियंता (एम एम ई) को भा. मा. स. के कोच्चिन बेस में स्थानांतरण पर 04 जून 2013 को ड्यूटी से भारमुक्त किया गया ।

### सेवा निवृत्तियॉं

- श्री राजन वी जॉन, क.प्रारूपकार, अधिवर्षिता पर 30 अप्रैल 2013 को भा. मा. स. मुख्यालय से सेवानिवृत्त हुए ।
- श्री जी. एच. पराडकर, सहायक लेखा अधिकारी, अधिवर्षिता पर 31 मई 2013 को भा. मा. स. मुम्बई मुख्यालय से सेवानिवृत्त हुए।
- श्री पी. मुरुकन, सेवा सहायक, अधिवर्षिता पर 31 मई 2013 को भा. मा. स. के कोच्चि बेस (एम ई डी) से सेवानिवृत्त हुए ।
- श्री पी. के. आर. दुधे, व. नाविक अधिवर्षिता पर 30 जून 2013 को भा. मा. स. के मुम्बई बेस से सेवानिवृत्त हुए ।
- श्री एन. एस. गजभिये, फिटर, अधिवर्षिता पर 30 जून 2013 को भा. मा. स. के मुम्बई बेस से सेवानिवृत्त हुए ।
- श्री एस. अप्पा राव, व. नाविक/रसोइया, अधिवर्षिता पर 30 जून 2013 को भा. मा. स. के विशाखपट्टणम बेस से सेवानिवृत्त हुए।

संकलनकर्ता : कुमारी राजश्री बी सनदी, संपादक: डॉ. एम के सजीवन, हिन्दी अनुवादक: श्रीमती टी. पी. लीना,
प्रकाशक: श्री प्रेमचंद महानिदेशक: भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, भारत सरकार, कृषि मंत्रालय, बोटावाला चेम्बर्स, सर पी एम रोड, मुम्बई-४०० ००१,
तार: मीना वेबसाईट:htttp:/fsi.gov.in फैक्स: (०२२) २२७०२२७०.दूरभाषा: २२६१७१४४/४५ मुद्रक: ऑनलूकर प्रेस, मुम्बई. दूरभाषा ०२२-२२१८२९३९/३५४४